इंदौर के युवाओं ने बनाए भारतीय सेना के लिए आधुनिक हैकिंग प्रूफ ड्रोन

▶ माइनस 40 डिग्री में 18 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ेंगे

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर में एयर डिफेंस, इंडियन आर्मी और नेवी के लिए आधुनिक ड्रोन तैयार किए जा रहे हैं. पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में उपयोग किए गए प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर में बने स्वदेशी ड्रोन अब जीरो से माइनस 40 डिग्री के बर्फीले तापमान में 18000 फीट ऊंचाई तक उड़ सकते हैं. इससे भारत ,चीन सीमा की भी निगरानी कर सकेगा. हाल ही में शहर की पिसर्व इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी नामक कंपनी ने पहली बार इतनी ऊंचाई तक उड़ सकने वाले ड्रोन विकसित कर लिए हैं, जिनका उपयोग देश की सैन्य सुरक्षा व अन्य क्षेत्र में किया जाएगा.

शहर के युवाओं ने अमेरिका और जापान जैसे टेक्नोलॉजी से लैस देशों को चुनौती देते हुए स्वदेशी ड्रोन तैयार कर दिए हैं. इतना ही नहीं सेना के साथ प्रदेश सरकार के कई विभागों और राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को भी उनकी मांग एवं जरूरत के हिसाब से आधुनिक तकनीक से युक्त ड्रोन ऑर्डर पर बना कर दिया जा रहे हैं. यह काम शहर की पीसर्व इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी कंपनी द्वारा स्टार्टअप में किया जा रहा है. उक्त कंपनी ने अभी हाल ही में ऐसा ड्रोन विकसित किया है, जो हैकिंग प्रूफ होने के साथ रात्रि में भी नाइट मोड में सीमाओं की निगरानी करने में सक्षम है. सेना ने ऐसे 300 ड्रोन का ऑर्डर कंपनी को दिया है.

18 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ेगा शहर में तैयार ड्रोन : इजराइल-फिलिस्तीन-ईरान और रूस-यूक्रेन युद्ध के अलावा अन्य युद्ध जैसे हालातों से घिरे देशों में एयर अटैक और डिफेंस सिस्टम के लिए अत्याधुनिक फाइटर और जेट विमान के स्थान पर अब अत्याधुनिक ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है. भारतीय सेना भी ड्रोन को सैन्य क्षमता बढ़ाने में मदद ले रही हैं. शहर में बनाए जा रहे ड्रोन अमेरिका, रूस, चीन और फ्रांस जैसे देश की टेक्नोलॉजी के समान आधुनिक और उन्नत हैं. कंपनी ने एक ऐसे आधुनिक ड्रोन को विकसित किया है, जो 18000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है.

अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस : आधुनिक ड्रोन तैयार करने वाली पीसर्व टेक्नोलॉजी कंपनी अभिषेक मिश्रा, रोशनी मिश्रा और दुर्गेश शुक्ला द्वारा बनाई एक स्टार्टअप कंपनी है. उक्त कंपनी ने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस ड्रोन इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयर फोर्स के अलावा मध्य प्रदेश पुलिस, प्रदेश वन विभाग सहित भारत इलेक्ट्रिकल्स जैसी सार्वजनिक कंपनियों को उनकी जरूरत के हिसाब से बनाकर दिए हैं. उक्त ड्रोन की विशेषता यह है कि पूरी तरह से हैकिंग प्रूफ हैं, जो ऑटो पायलट मोड में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए काम करने में सक्षम हैं.

लद्दाख में ड्रोन नभ रक्षक की सफल टेस्टिंग

पूरी तरह से स्वदेशी नभ रक्षक नामक ड्रोन की सफल टेस्टिंग भारत चीन सीमा पर सेना की निगरानी में की गई. नभ रक्षक ड्रोन तैयार करने वाले अभिषेक मिश्रा और दुर्गेश शुक्ला बताते हैं कि ड्रोन टेक्नोलॉजी में अब ऐसे स्वदेशी ड्रोन उनके द्वारा विकसित किए गए हैं, जो उड़ान भरते समय ना तो हैक किए जा सकेंगे, ना ही अन्य किसी देश के जीपीएस सिस्टम से इन्हें कंट्रोल किया जा सकेगा. भारतीय सेना के इशारे पर यह ऑटो पायलट मोड में चलते हुए किसी भी युद्ध ऑपरेशन के अलावा देश की सीमा पर लगातार निगरानी कर सकेंगे.

भारतीय सेना ने लिए 300 ड्रोन

कंपनी के अभिषेक बताते हैं कि भारतीय सेना ने नभ रक्षक तेजस, तपो और नभ रक्षक वाहक जैसे 300 ड्रोन सेना के ऑपरेशन के लिए हैं. उक्त ड्रोन नाइट विजन कैमरे से लैस होकर रात में भी सीमा की निगरानी करते हैं. ये ड्रोन साइबर हैकिंग के अलावा अन्य टेक्नोलॉजी से भी नियंत्रित नहीं होते है.

एक नजर में
दीपावली मिलन समारोह में की गोसेवा

इंदौर . दीपावली महोत्सव के पावन पर्व पर लायंस क्लब इंदौर सिटी के सदस्यों व लायन रिंकी जयसिंघानी चुग-विशाल चुग के परिजनों में द्वारा जायसवाल गोशाला में आयोजित दिपावली और गोवर्धन पूजा के उपलक्ष में मंत्रोच्चारण के साथ करीब 100 से भी अधिक गाय माता का पूजन, श्रृंगार कर गुड़ व हरा चारा खिला कर गौ सेवा की. लायन दिनेश रणधर ने बताया कि लायन रिंकी जयसिंघानी का जन्मदिन भी है जिसमें सिटी क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीडीजी लायन एसपी नामदेव, झोन चेयरपर्सन दिलीप माटा, अशोक गुप्ता ग्रीटिंग कमेटी चेयरपर्सन, कृष्णप्रभा-दिनेशकुमार रणधर व रिंकी जयसिंघानी -विशाल जय सिंघानी चुग, एवं उनके सभी दोस्त एवं रिश्तेदारों के साथ इस सेवा गतिविधि में सपरिवार शामिल होकर गो सेवा का संदेश घर-घर तक पहुंचाने की बात कही. रिंकी जयसिंघानी को जन्मदिन की मंत्रोच्चारण व गीत संगीत के साथ शुभकामनाएं दी. डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ सदस्य डॉ. कुलभूषण मित्तल, गवर्नर अनिल खंडेलवाल, सिद्धार्थ बंसल, कुंदन सोनी व अन्य सदस्यों ने लायन रिंकी जय सिंघानी को जन्मदिन की बधाई प्रेषित की.

जैन मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

इन्दौर . वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी हेमन्त जैन को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन इन्दौर का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने यह नियुक्ति आदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव के मार्गदर्शन राजेश विश्वकर्मा एवं राजकुमार हरण की अनुशंसा पर जारी किया. उल्लेखनीय है कि तरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन विगत कई वर्षों से समाज के वंचित वर्गों की सहायता, न्याय की रक्षा एवं मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु कार्यरत है. संगठन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसके मूलभूत अधिकार एवं गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराना है. हेमन्त जैन के मनोनयन पर सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी. उक्त जानकारी इन्दौर जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने दी.

इंदौर से होगी सनम इंडिया टूर की शुरूआत

इंदौर. ट्राइबवाइब एंटरटेनमेंट देशभर के संगीत प्रेमियों के लिए लेकर आ रहा है सनम इंडिया टूर. सात शहरों में होने वाला यह ग्रैंड म्यूज़िकल एक्स्ट्रावैगेंज़ा, भारत के सबसे प्रिय पॉप-रॉक बैंड्स में से एक 'सनम' की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी का प्रतीक होगा. बैंड अपने सदाबहार गीतों, चार्टबस्टर हिट्स और जोश से भरपूर लाइव परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों को एक सोलफुल संगीत यात्रा पर ले जाएगा. ट्राइबवाइब द्वारा प्रोड्यूस किया गया यह टूर 15 नवंबर को इंदौर से शुरू होगा और इसके बाद जयपुर, हैदराबाद, लखनऊ, देहरादून, मुंबई और बेंगलुरु तक पहुंचेगा. टिकट बिक्री की बुक माय शो पर होगी. टूर को लेकर बैंडसनमने कहा हम बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि फिर से मंच पर उतरें और अपने संगीत को पूरे भारत के फैंस तक पहुंचाएं. यह टूर हमारे गीतों, लाइव म्यूज़िक की एनर्जी और उन यादगार पलों का जश्न है, जो हम सब मिलकर बनाते हैं. ट्राइबवाइब एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ शोवेन शाह ने कहा - हमें हद खुशी है कि हम सनम के जोश से भरे संगीत और अनोखी एनर्जी को भारत के दर्शकों तक ले जा रहे हैं। यह टूर सिर्फ कॉन्सर्ट्स की एक सीरीज़ नहीं है, बल्कि लाइव म्यूज़िक, साझा अनुभवों और उस एकजुटता का उत्सव है, जो केवल सनम के प्रदर्शन से संभव है.

चॉइस गोल्ड ईटीएफ किया लांच

इंदौर . भारत में परिचालन कर रही अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड चॉइस म्यूचुअल फंड की स्पॉन्सर है. चॉइस म्यूचुअल फंड ने 24 अक्टूबर को 'चॉइस गोल्ड ईटीएफ' नामक एक गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लॉन्च करने की घोषणा की, जो निवेशकों को सोने में निवेश का एक व्यावहारिक विकल्प प्रदान करता है. नया फंड ऑफर (एनएफओ) 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है. इसके बाद एक सप्ताह के भीतर इसे बीएसई और एनएसई पर निरंतर खरीद एवं बिक्री के लिए सूचीबद्ध कराया जाएगा. चॉइस म्यूचुअल फंड के सीईओ अजय केजरीवाल ने कहा भारतीय परिवारों में सोने में निवेश का विशेष आकर्षण है, जिसकी कीमत हाल ही में 10 ग्राम के लिए 1.2 लाख रुपये के मील के पत्थर को पार कर गई है. यह व्यापार युद्धों, भू-राजनीतिक संघर्षों और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल के चलते नई ऊंचाइयों को छू रहा है. विशेष रूप से, गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों को भौतिक भंडारण का कोई जोखिम नहीं उठाना पड़ता, लेकिन यह भौतिक सोने के समान बाजार मूल्य और वृद्धि की संभावना प्रदान करता है.

ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब ने लॉन्च किया कोपोजगो

इंदौर . ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब (बीएमएस) ने भारत में कोपोज़गो लॉन्च करने की घोषणा की है. कोपोज़गो भारत में स्वीकृत पहला ओरल, सिलेक्टिव कार्डियक मायोसिन इनहिबिटर है, जो वयस्कों में सिम्प्टमेटिक न्यूयॉर्क हार्ट एसोसिएशन क्लास टू-थ्री ऑब्सट्रक्टिव हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी के इलाज के लिए उपलब्ध है. सिम्प्टमेटिक ऑब्सट्रक्टिव एचसीएम प्रायः वंशानुगत हृदय रोग है, जो दीर्घकालिक परिस्थिति की वजह बनता है, जो समय के साथ कमजोर करता है और बढ़ता जाता है. ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब इंडिया के जनरल मैनेजर और मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा भारत में कोपोज़गो के लॉन्च से ओएचसीएम से पीड़ित मरीजों को अब आशाजनक फर्स्ट-इन-क्लास उपचार विकल्प मिला है. यह महत्वपूर्ण खोज उन व्यक्तियों और परिवारों के लिए उम्मीद लेकर आई है, जो इस स्थिति से जूझ रहे हैं. इससे चिकित्सकों को मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक नया विकल्प मिला है.

कुरुक्षेत्र का प्रसारण नेटफ्लिक्स पर

इंदौर . कुरुक्षेत्र अपने आखरी अध्याय के साथ वापस लौट आया है और सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर इसका प्रसारण हो रहा है. वह धर्मयुद्ध जो सही या गलत के प्रश्नों से शुरू हुआ था, एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर आ पहुँचता है, जहाँ गठबंधन टूटते हैं, किस्मतों के फैसले होते हैं और धर्म की परीक्षा होती है. धर्म के इस युद्ध में कुछ बलिदान तो देना पड़ेगा, - इस रोमांचकारी अंत में 18 योद्धाओं में हर एक योद्धा अपने फैसलों की कीमत चुकाता है और इस तरह यह गाथा पूरी होती है. जैसे जैसे युद्धघोष शांत होते हैं और तीर अपने लक्ष्यों को बेधते हैं, बस एक ही प्रश्न बचता है- कौन रहेगा धर्म पर कायम और कौन होगा महत्वकांक्षा का शिकार?

अवैध खनन : 55 करोड़ से ज्यादा वसूली के आदेश

▶ वसूली को लेकर प्रशासन सख्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अवैध खनन की वसूली को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है. पिछले साल अवैध खनन को लेकर 55 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन नोटिस के बाद भी राशि जमा नहीं करने के बाद शासन ने अब सख्ती बरतते हुए संबंधित खदान मालिकों और फर्मों से राशि वसूलने के आदेश दिए हैं.

शहर के कई क्षेत्रों में अवैध खनिज (मुरम और गिट्टी) के खनन को लेकर प्रशासन ने विभिन्न खदान मालिकों और फर्मों पर भारी जुर्माना लगाया था. उक्त फर्मों ने प्रशासन द्वारा अलॉट की गई जमीन के अतिरिक्त अवैध रूप से गिट्टी-मुरम खोदकर बेच डाली थी. इस पर प्रशासन ने पिछले साल अवैध खनन के खिलाफ मुहिम चलाकर कई प्रकरण बनाए थे. कलेक्टर शिवम वर्मा ने अवैध खनन करने वाली फर्मों और खदान मालिकों से राशि वसूलने के आदेश जारी कर दिए हैं. राशि जमा नहीं करने पर सभी के विरुद्ध सख्ती से कुर्की और क्रेशर सील करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं. एक साल में करीब 9 से ज्यादा लोगों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 55 करोड़ रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाया था. इसके लिए नोटिस भी दिए गए थे, मगर अवैध खनन करने वालों ने राशि जमा नहीं कराने पर शुक्रवार को इस संबंध में कलेक्टर ने जुर्माना राशि वसूलने के आदेश दिए हैं.

इन फर्मों से वसूली के दिए आदेश

- उषा चौहान 28.56 करोड़
- बालाजी स्टोन 16.64 करोड़
- मांगीलाल 5.90 करोड़
- अध्या हर्बल 3.24 करोड़
- संजय चौहान 3.67 करोड़
- दिनेश नागर 2.16 करोड़
- असलम उर्फ मुन्ना 48.48 लाख
- हरिनारायण 46.65 लाख
- सत्यम पटेल 32.45 लाख

सड़क ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश

▶ इंडस्ट्री हाउस पुल का महापौर ने किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में रेसकोर्स रोड को एबी रोड से जोड़ने वाले इंडस्ट्री हाउस पुल का प्रस्तावित निर्माण कार्य शुरू होने वाला है. उक्त विषय को लेकर महापौर ने मौका मुआयना किया और पुल निर्माण के दौरान वैकल्पिक मार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए. साथ ही महापौर ने ओम शांति भवन के सड़क निर्माता ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश अधिकारियों को दिए.

दीपावली त्यौहार खत्म होने के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव शहर के विकास कार्यों को लेकर मैदान में आ गए. आज सुबह उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले इंडस्ट्री हाउस पर प्रस्तावित नए पुल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया. अधिकारियों को पुल निर्माण शुरू करने से पहले रेसकोर्स रोड से आने और जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग तय करने का आदेश दिया.

महापौर ने इसके साथ ही ओम शांति आश्रम मार्ग का भी दौरा किया. ओम शांति रोड पर कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए. साथ ही अपर आयुक्त को निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसियों के समन्वय से सभी सड़क निर्माण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए.

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : महापौर

महापौर भार्गव ने कहा कि शहरवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है. निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान झोन अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद सुनीता सोनगरा, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, महापौर प्रतिनिधि विवेक सिन्हा, झोनल अधिकारी एवं क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित थे.

किसानों ने उत्साह के साथ बेची सोयाबीन की उपज

- भावांतर योजना की उत्सवी माहौल में हुई शुरूआत
- खरीदी केन्द्रों पर किए गए माकूल इंतजाम
- मंत्री सिलावट, कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित दाम दिलाने के लिए आज से राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है. पहले ही दिन इस योजना के प्रति किसानों का भारी उत्साह सामने आया. बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुँचे. मंडियों में उत्सवी माहौल में इस योजना की शुरूआत की गई. अपनी उपज लाने वाले किसानों का तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया. किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर लागू योजना को किसान हितैषी बताया और सराहना की.

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कलेक्टर शिवम वर्मा, विधायक मधु वर्मा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण लक्ष्मीबाई मंडी पहुँचे. इस दौरान अपर कलेक्टर पंवार नवजीवन विजय, रोशन राय भी मौजूद थे. मंत्री सिलावट तथा कलेक्टर ने मंडी में आने वाले किसानों का तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया. उन्होंने किसानों से चर्चा भी की। उन्होंने किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं को जायजा लिया. इस अवसर पर बोली लगाकर उपज खरीदी की शुरूआत की गई. सर्वाधिक बोली 4775 रुपये की रही. कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि जिले में किसानों के लिए सभी जरूरी इंतजाम मंडियों में किए गए है. ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो. मंडियों में किसानों की उपज की समय पर तुलवाई, समय पर भुगतान, बैठने के लिए छायादार स्थान, शयन, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. खरीदी केन्द्रों पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 15 जनवरी 2026 तक चलेगा.

योजना और व्यवस्था की सराहना

अपनी उपज लाने वाले रतनखेड़ी के किसान कृष्णा जाधव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस योजना की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के हित की है. मंडी में बेहतर व्यवस्था की गई है. हमें बेहतर दाम मिल गए हैं. भावांतर योजना का लाभ भी मिलेगा. ऐसे ही कुछ विचार सनावदिया में रहने वाले किसान उमेश घनश्याम, बसान्द्रा के अमन ने भी व्यक्त किये. इन सबने भावांतर योजना को किसान हितैषी बताया. उन्होंने बताया कि मंडी में बेहतर व्यवस्था है. हमारी उपज की समय पर ब्रिकी हो गई. किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा.

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत

इंदौर. नंदानगर स्थित गणेश मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई, 5 हजार से ज्यादा मातृशक्तियां सिर पर कलश लेकर निकली. जय श्री राम के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हुआ, आस्था का महासंगम जहां से भी गुजरा हर कोई इस में रम गया. हजारों मातृशक्तियों का जनसैलाब उमड़ा.

बैकुंठवासी रामप्यारी देवी मेंदोला व स्व. चिंतामणि मेंदोला की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई, परदेशीपुरा स्थित शिवधाम मंदिर पर वेद मंत्रों के बीच विधायक रमेश मेंदोला ने पूजन अर्चन किया, यात्रा में हजारों मातृशक्तियों ने श्रद्धा के कलश उठाए, भजनों पर मातृशक्तियां नाचते गाते चल रही थी. यात्रा में श्रीमद् जगदुरु द्वाराचार्य अग्र - मलुकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज सम्मिलित हुए. वहीं भोपाल से लाल घाटी गुफा मंदिर के रामकविद्वाराचार्य महामंडलेश्वर रामप्रवेश दास महाराज, महामंडलेश्वर रामदास महाराज, पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज सहित साधु संत सम्मिलित हुए. यात्रा शिव धाम से शुरू होकर तीन पुलिया से होते हुए नंदा नगर मेन रोड होते हुए विभिन्न मार्गों से सीधे कथा स्थल पहुंची. कथा में श्रीमद् जगदुरु द्वाराचार्य अग्र - मलुकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के सानिध्य में विधायक रमेश मेंदोला, राजेंद्र राठौर, चंदू शिंदे, रत्नेश मेंदोला, जीतू यादव, सुधीर कोल्हे, सुरेश कुरवाड़े ने भागवत पुराण का वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन करके व्यासपीठ पर विराजित किया. विधायक रमेश मेंदोला ने बताया कि राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3 से 7 बजे तक होगी.

एक नजर में
श्री दत्त जयंती हीरक महोत्सव और डॉ. बाबा साहेब तराणेकर अमृत महोत्सव शुरू, देशभर से आए त्रिपदी परिवार के हजारों भक्त

बाबा साहेब तराणेकर का किया तुलादान, नृत्य संकीर्तन प्रस्तुति ने मन मोहा

इंदौर. देश भर से आए हजारों भक्तों की उपस्थिति में शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड स्थित आंनद मांगलिक भवन में श्री दत्त जयंती हीरक महोत्सव एवं डॉ. बाबा साहेब तराणेकर अमृत महोत्सव की शुरूआत 108 वैदिक विद्वानों एवं आचार्यों द्वारा शांति पाठ मंत्र से हुई. गौ पूजन, हवन एवं घोर कस्तात स्त्रोत हुए.

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं श्री नाना महाराज तराणेकर संस्थान के तेजस एवं तारक तराणेकर ने बताया कि अखिल भारतीय त्रिपदी परिवार, इंदौर एवं श्री शांति पुरुष सेवा संस्था नागपुर के भक्तों द्वारा डॉ. बाबा साहेब तराणेकर का घी, धान्य, सूखे मेवे, मिष्ठान, औषधियां, फल, शिक्षण सामग्री, वस्त्र सहित 105 वस्तुओं से तुलादान किया गया.

इस मौके पर मध्य प्रदेश सहित महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तेलंगाना एवं छतीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के त्रिपदी परिवार के हजारों शिष्य भावविभोर हो गए. सभी ने फूलों की पंखुडियों से डॉ. बाबा साहेब का स्वागत सत्कार किया और उनसे आशीर्वाद लिया. इसके पूर्व डॉ. बाबा साहेब को खुली जीप में बैठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई. तुलादान की सभी सामग्री अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में दान की जाएगी. अंतिम सत्र में मुंबई के संस्कृतिकर्मी अक्षय आयरे के निर्देशन में रंगारंग नृत्य संकीर्तन की प्रस्तुति हुई, जिसमें गायन, वादन, नृत्य और कीर्तन की सुंदर जुगलबंदी दिखी, जिसे सभी ने सराहा.

आज होंगे विशिष्ट व्यक्तियों के संबोधन

25 अक्टूबर शनिवार को सुबह 9 बजे से 750 महिलाएं सामूहिक रूप से श्री सत्यनारायण भगवान का पूजन करेंगी. प्रवीण जोशी ने बताया कि सुबह 11 बजे से विशिष्ट व्यक्तियों के विशेष संबोधन होंगे. इस मौके पर विश्व गीता प्रतिष्ठान उज्जैन के स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज, राष्ट्र सेविका समिति प्रमुख नागपुर की शांताक्का, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, मातृ सेवा संघ की अध्यक्ष कांचन गडकरी के उद्बोधन होंगे. शाम को 6.30 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भैयाजी जोशी का विशेष संबोधन होगा. अंतिम सत्र में डॉ. बाबा साहेब के जीवन पर केंद्रित एवं अन्य पुस्तकों के विमोचन होंगे.